## वार्तालाप.434, पूणे (महाराष्ट्र), दिनांक.07.11.07
## Disc.CD No.434, dated 07.11.07 at Pune (Maharashtra)

समय–12.20–12.45
जिज्ञासु–आखिरी समय आबू अब्बा के घर जाने के लिये हमें कोई संदेश मिलेगा या टचिंग होगी या ऐसे इशारे से मालूम पडेगा?
बाबा–जिसने अभी जी–जान से आबू–अब्बा का सहयोग किया होगा उनको संदेश जरूर मिलेगा। अंदर से, अंदर से तार आवेगा, यहां पहुंचना चाहिये। इस दुनिया में हमारा काम नहीं है। खतम।
**Time: 12.20-12.45**
**Someone asked:** In the end will we get any message or will we get a touching or will we get a hint to go to the home of Abu Abba (i.e. the Father Abu)?
**Baba replied:** The one who has extended cooperation to Abu Abba from his heart and soul now will certainly get the message (in the end). They will get an internal, inner telegram that they should reach here. We have no task in this world now. It has ended.

समय–13.38–14.35
जिज्ञासु – बाबा जब जगदीश भाई ने शरीर छोड़ा था तब बाबा ने कहा था वेदव्यास की आत्मा है।
बाबा – यूं तो नहीं कहा। ना बाबा ने कहा कि जगदीश भाई की आत्मा वेदव्यास की आत्मा बनेगी (किसी ने कुछ कहा)। हां, तो वेदव्यास तो वही बन सकता है जिसने शास्त्रों का सारा क्लीयर क्लेरिफिकेशन दिया हो। शास्त्रों का क्लीयर क्लेरिफिकेशन नहीं दे सकता पूरा तो वेदव्यास कैसे बनेगा? हां, ये हो सकता है कि वेदव्यास की गद्दियां चलती रही है। उनका शिष्य बैठा वो भी व्यास कहा गया। फिर उनका शिष्य बैठा वो भी व्यास कहा गया। तो अंतिम व्यास जिसने पुराणपंथी की है, पुराणों में बहुत अंधश्रद्वा की बातें लिखी हैं। तो वो व्यास बन सकता है।
**Time: 13.38-14.35**
**Someone said:** Baba, when Jagdish bhai had left his body, Baba had said that he is the soul of Ved Vyas.
**Baba said:** It was not said like this. Nor did Baba say that Jagdish bhai's soul will become the soul of Ved Vyas. (Someone said something). Yes, only that soul can become Ved Vyaas, who has given the entire clear clarification of the scriptures. If someone cannot give the complete clear clarification of the scriptures, then how can he become Ved Vyas? Yes, it can be possible that the titles (*gaddi*) of Ved Vyas have continued. His disciple took his position; he was also called Vyas. Then his disciple took his position; he was also called Vyas. So, the last Vyas, who wrote Puranas; many things of blind faith have been written in the Puranas. So, he (i.e. Jagdish bhai) can become that Vyas.

समय–17.10–19.04
जिज्ञासु – रूद्र को कितने मुख होते है? 108 रूद्र है? क्या एक रूद्र को 108 मुख होते हैं?
बाबा – शिव किसको कहा जाता है और रूद्र किसको कहा जाता है? शिव में और रूद्र में कोई अन्तर है या नहीं है? क्या अंतर है? मेरा नाम शिव ही है। मेरी बिंदी का नाम शिव है। वो कभी बदलता नहीं है। जब शरीर बदलते हैं तो नाम भी बदल जाता है। इसका मतलब रूद्र जो नाम है, वो कोई शरीर में प्रवेश करके जब रौद्र रूप धारण करता है तब रूद्र कहा जाता है। तो जो भी पहले–पहले रौद्र रूप धारण करता है उसको शास्त्रों में शंकर कहते है।....


Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

**Time: 17.40-19.04**
**Someone asked:** How many faces does Rudra have? Are there 108 Rudras? Does one Rudra have 108 faces?
**Baba replied:** Who is called Shiv and who is called Rudra? Is there any difference or not between Shiv and Rudra? What is the difference? My name is just Shiv. The name of my point (i.e. the soul) is Shiv. It never changes. When the bodies change, the name also changes. It means that He is called by the name Rudra when He enters in a body and assumes a fierce form (*raudra roop*). So, the one who assumes the fierce form first of all is called Shankar in the scriptures.......

....शिव जो है, वो एक ही मुकर्रर रथ में प्रवेश करता है। लेकिन रूद्र माला शिव माला नहीं कही जाती है। क्या कही जाती है? रूद्र माला। क्यों कही जाती है? क्योकि जो पहले रूद्र बनता है वो ही 108 रूद्रों में प्रवेश करके पार्ट बजाता है। कोई–कोई में एक ही मुख होता है रूद्राक्ष मणके में और कोई में ढेर के ढेर मुख होते है। इससे क्या साबित होता है? कि रूद्र माला के मणके कोई में ज्यादा आत्मायें प्रवेश करती है और कोई में एक ही प्रवेश करता है, दो ही प्रवेश करते है, कम प्रवेश करते हैं। तो जितने कम प्रवेश करते हैं उतना ज्यादा सच्चा। जितने ज्यादा प्रवेश करते हैं उतना कम सच्चा।
..........Shiv enters in only one appointed chariot (*mukarrar rath*). But the rosary of Rudra is not called the rosary of Shiv. What is it called? (It is called) the rosary of Rudra. Why is it called so? It is because the one who becomes Rudra first (of all), himself enters in 108 Rudras and plays the part. Some beads of Rudraksh have only one face and some have numerous faces. What does it prove? It proves that in some beads of the rosary of Rudra more number of souls enter and in some beads only one soul enters or just two souls enter or fewer souls enter. So, the lesser the number of souls that enter, the more truthful he is. The more the number of souls that enter, the less truthful he is.

समय–24.59–25.39
जिज्ञासु – बाबा ने मुरली में कहा है कि बाबा की याद में रह कर अज्ञानी आत्माओं को आप सकाश दे सकते हैं। दे सकते है ना?
बाबा – सीधी सी बात ये है – एक बीज को पानी देने से सारे वृक्ष को पानी मिल जाता है। तो हम एक–एक व्यक्ति में बैठ करके ताकत लगायें। ऐसा न हो कि उसका संग का रंग हमको लगे। उसका ही चेहरा याद आने लगे। तो इससे तो अच्छा है एक बीज को ही याद करते रहें। सारे वृक्ष को अपने–आप जहां जरूरत होगी वहां पानी चला जावेगा।
**Time: 24.59-25.39**
**Someone asked:** Baba has said in the Murli that you can give *sakaash* (current of power) to the ignorant souls while / being in the remembrance of Baba. We can give (*sakaash*), can't we?
**Baba replied:** It is a very simple issue – by giving water to the seed, the entire tree receives water. So, if we sit and give power to each individual, it could be possible that we may be coloured by his company. We may start remembering his face. So, it is better if we continue to remember the one seed. The entire tree will receive water automatically wherever (i.e. in whichever part of the tree) required.
…………………………………………………………………………………………
Note: The words in italics are Hindi words. Some words have been added in the brackets by the translator for better understanding of the translation.



Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info